विद्या सवर्धि साधिका

# आनंदालय
## सामयिक परीक्षा-2
## कक्षा : आठवीं

विषय: हिंदी | अधिकतम अंक : 50

दिनांक:17-09-2025 | निर्धारित समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल आठ प्रश्न हैं।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए।
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए।

**खंड - 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद और चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य के परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया । धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुद्धि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है । भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं । विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं । इसके कारण मानव-मानव में घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता में कमी नहीं आई । मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है, शिक्षा का व्यापक प्रसार ।

(i) मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है? (1)

(क) संतों के अनुभव से | (ख) वर्ण भेद से
(ग) घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता से | (घ) अपनी शुभ बुद्धि से

(ii) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है ? (1)

(क) देशों में भिन्नता बढ़ी है । | (ख) देशों में वैमनस्यता बढ़ी है ।
(ग) देशों की दूरियाँ कम हुई हैं । | (घ) देशों में विदेशी व्यापार बढ़ा है ।

(iii) मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है- (1)

(क) शिक्षा का व्यापक प्रसार | (ख) धर्म का व्यापक प्रसार
(ग) प्रेम और सद्भावना का व्यापक प्रसार | (घ) उपर्युक्त सभी

(iv) देश में आज भी कौन-सी समस्या है जो वैमनस्य (ईर्ष्या) को बढ़ावा दे रही है | विस्तार से स्पष्ट कीजिए ? (2)

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

जग-जीवन में जो चिर महान,
सौंदर्यपूर्ण और सत्यप्राण,
मैं उसका प्रेमी बनूँ नाथ !
जिससे मानव-हित हो समान !
जिससे जीवन में मिले शक्ति
छूटे भय-संशय, अंधभक्ति,
मैं वह प्रकाश बन सकूँ नाथ !
मिल जावे जिसमें अखिल व्यक्ति।

(i) कवि ने 'चिर महान' किसे कहा है ? (1)

(क) मानव को
(ख) ईश्वर को
(ग) जो सत्य और सुंदर से परिपूर्ण हो
(घ) शक्ति को

(ii) कवि कैसा प्रकाश बनना चाहता है ? (1)

(क) जिससे सब तरफ उजाला हो जाए ।
(ख) अज्ञान का अंधकार दूर हो जाए ।
(ग) जो जीने की शक्ति देता है ।
(घ) जिसमें मनुष्य सभी भेदभाव भुलाकर एक हो जाते हैं।

(iii) कवि ने 'अखिल व्यक्ति' शब्द का प्रयोग क्यों किया है? (1)

(क) कवि समस्त विश्व के व्यक्तियों की बात करना चाहता है।
(ख) कवि अमीर लोगों की बात कहना चाहता है।
(ग) कवि भारत के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाहता है ।
(घ) कवि ब्रह्मज्ञानी बनना चाहता है ।

(iv) कविता का मूलभाव क्या है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । (2)

## खंड - 'ख'

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (12x1=12)

(i) उसने एक गिलास पानी पिया । (वाक्य में विशेषण का कौन-सा भेद है)

(ii) शहनाज़ लिखती है । (कर्म के आधार पर क्रिया का भेद लिखिए)

(iii) मीरा कक्षा में बैठी है । (कारक का भेद लिखिए)

(iv) जनक (शब्द के दो अनेकार्थी शब्द लखिए)

(v) जीवन में सुख-दुःख तो चलता ही रहता है।
(वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्नों के नामोल्लेख कीजिए)

(vi) जिसका जन्म नहीं होता (वाक्यांशों के लिए एक शब्द)

(vii) राई का पहाड़ बनाना (मुहावरे का अर्थ लिखते हुए , वाक्य प्रयोग कर लखिए)

(viii) हाथ मलना (मुहावरे का अर्थ लिखते हुए, वाक्य प्रयोग कर लखिए )

(ix) मत+एकता (संधि कीजिए और भेद लिखिए)

(x) स्वागत (संधि विच्छेद कीजिए और भेद लिखिए)

(xi) यथाशक्ति (समास विग्रह कर भेद लिखिए)

(xii) नीला है कंठ जिसका अर्थात शिव (समस्त पद और भेद लिखिए)

## खंड - 'ग'

4. पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x1=4)

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान ।
जग में बैरी कोई नहीं, जो मन सीतल होय ।
या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय ।।

(i) 'आपा को डारि दे' का तात्पर्य निम्नलिखित में से है -
(क) किसी को डरा देना (ख) खुद गिर जाना
(ग) अपना घमंड त्याग देना (घ) समर्पण कर देना

(ii) जग में कोई किसी का बैरी कब नहीं होता ?
(क) जब व्यक्ति का कोई संबंध नहीं होता (ख) जब व्यक्ति अभिमानी होता है
(ग) जब व्यक्ति आशावादी होता है (घ) जब व्यक्ति का मन शीतल होता है

(iii) 'या आपा को डारि दे, दया करै सब कोय।।' (पंक्ति में अलंकार है)
(क) यमक (ख) अनुप्रास (ग) पुनरुक्ति प्रकाश (घ) उपमा

(iv) साधु से जाति न पूछकर फिर किसके बारे में पूछना चाहिए ?
(क) पहचान के बारे में (ख) ज्ञान के बारे में
(ग) जाति के बारे में (घ) धर्म के बारे में

5. गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5x1=5)

ग्रामीण पुडुकोट्टई के मुख्य इलाकों में अत्यंत रूढ़िवादी पृष्ठभूमि से आईं युवा मुस्लिम लड़कियाँ सड़कों पर अपनी साइकिलों से जाती हुई दिखाई देती हैं । जमीला बीवी नामक एक युवती ने साइकिल चलाना शुरू किया उसने, मुझसे कहा– "यह मेरा अधिकार है, अब हम कहीं भी जा सकते हैं । अब हमें बस का इंतजार नहीं करना पड़ता । मुझे पता है कि जब मैंने साइकिल चलाना शुरू किया तो लोग फब्तियाँ कसते थे । लेकिन मैंने उस पर कोई ध्यान नहीं दिया।'' फातिमा एक माध्यमिक स्कूल में पढ़ाती हैं और उन्हें साइकिल चलाने का ऐसा चाव लगा है कि हर शाम आधा घंटे के लिए किराए पर साइकिल लेती हैं । एक नई साइकिल खरीदने की उनकी हैसियत नहीं है । एक महिला ने कहा हम कुछ भी कर सकते हैं , हमारे लिए अब कोई भी कार्य असंभव नहीं है |

(i) 'साइकिल चलाने का शौक ______ था ?
(क) फातिमा को (ख) अवकन्नी को (ग) बच्चों को को (घ) जमीला को

(ii) 'फब्तियाँ' शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) मीठे बोल (ख) ताने (ग) मीठे शब्द (घ) उपर्युक्त सभी

(iii) रूढ़िवादी पृष्ठभूमि से कौन-सी लड़कियाँ आई थीं ?
(क) युवा हिन्दू लड़कियाँ (ख) युवा इसाई लड़कियाँ
(ग) युवा पंजाबी लड़कियाँ (घ) युवा मुस्लिम लड़कियाँ

(iv) जमीला बीवी नामक एक युवती ने कहा - —------------------------
(क) स्वतंत्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है (ख) हम कुछ भी कर सकते हैं
(ग) अपने भोले पन पर लात मारने (घ) अपने पिछड़ेपन पर लात मारने

(v) पुडुकोट्टई की महिलाओं ने साइकिल चला कर किसको लात मारी -
(क) वहाँ के मनचलों को लात मारी (ख) अपने परम्पराओं को लात मारी
(ग) अपने भोलेपन को लात मारी (घ) अपने पिछड़ेपन को लात मारी

6. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x3=9)

(i) प्रकृति के विभिन्न अंग पेड़-पौधे, पानी और पहाड़ आदि ही भगवान की चिट्ठियों को क्यों पढ़ पाते हैं ?

(ii) दोषों का पर्दाफाश करते समय किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ? क्या निराश हुआ जाए पाठ के आधार पर लिखिए ।

(iii) लाला जी को अंग्रेज से किसने बचाया और कैसे ?

(iv) भगवान के डाकिए परंपरागत डाकियों से किस प्रकार भिन्न हैं ? तर्क सहित उत्तर स्पष्ट कीजिए |

## खंड - 'घ'

7. (क) पुत्र अपने जन्मदिन पर उपहार स्वरूप मोबाइल फ़ोन चाहता है। इस संबंध में पिता- पुत्र के मध्य परस्पर वार्तालाप (संवाद) को लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए । (5)

अथवा

(ख) बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहे युवक और ट्रैफ़िक इंस्पेक्टर के बीच हुई परस्पर वार्तालाप (संवाद) को लगभग 80 से 100 शब्दों में लिखिए ।

8. (क) गुजरात पर्यटन निगम पर्यटकों की संख्या बढ़ाना चाहता है । उसके लिए लगभग 50-60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । (5)

अथवा

(ख) आपको अपनी पुरानी मोटर साइकिल काबासाकी बेचनी है । इसके लिए लगभग 50-60 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।